04 रामराज्य की परिकल्पना बुंदेलखंडवासियों की खुशहाली व विकास के...




07 दिनभर बरसी आफत की बारिश, सांसद और...



## खबर संक्षेप

### नवजात शिशु के डिस्चार्ज के पूर्व जारी हो जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** नवजात शिशु के डिस्चार्ज के पूर्व जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सीएमएचओ ममता तिमोर, सिविल सर्जन आर एस जयंत सहित सभी अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए कि नवजात बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र डिस्चार्ज होने के पूर्व प्रसूति महिला के पलंग तक पहुंचे एवं एक प्रमाण पत्र की कॉपी उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर की जावे। जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का अतिरिक्त काउंटर भी जिला चिकित्सालय स्थित डफरिन अस्पताल में बनाएं।

### नकली डीएपी खाद जब्त कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार राजस्व विभाग एवं खुरई पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई बड़ी कार्रवाई में ग्राम मुढ़िया से संदिग्ध नकली डीएपी खाद जब्त की गई। 26 अक्टूबर की रात लगभग 11:15 बजे ग्राम मुढ़िया के एक मकान में ट्रेक्टर ट्रॉली में लदा हुआ डीएपी आरक्षक धीरेन्द्र सिंह एवं प्रधान आरक्षक मुन्नालाल राज द्वारा पकड़ा गया। गवाहों एवं अधिकारियों के समक्ष गेरेज का ताला खुलवाया गया एवं ट्रेक्टर की चाबी ली गई, जिसकी ट्रॉली में इफको कंपनी की लगभग 46 बोरी डीएपी खाद लदी हुई थी। जिसका न ही कोई बिल था। उक्त खाद को पुलिस द्वारा जब्त किया गया एवं ट्रैक्टर चालक महेन्द्र सिंह लोधी एवं राजेन्द्र अहिरवार द्वारा ट्रेक्टर को थाना खुरई शहरी लाया गया। एसएडीओ खुरई द्वारा बोरियों की गिनती कर उन पर निसान लगाया गया एवं खाद की जांच कर खाद का सैंपल लिया गया।

### महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की रायसुमारी करने पर्यवेक्षक आज सागर में

**सागर।** संगठन सृजन अभियान के तहत महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के चयन के लिए दमोह से जिला पंचायत सदस्य जबेरा एवं पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दमोह एवं सागर जिला पर्यवेक्षक रजनी ठाकुर दिनांक 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजीव गाँधी कार्यालय, तीन बत्ती,सागर पर जिला स्तरीय महिला कांग्रेस की बैठक कर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी करने आ रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी आशीष ज्योतिषी नें जानकारी देते हुए महिला कांग्रेस की पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियों के अतिरिक्त पूर्व सांसदगण,पूर्व विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारिगण,संगठन पूर्व मंत्रीगण, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्षगण, सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, नगर पालिक निगम नेता प्रतिपक्ष, पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण, वर्तमान एवं पूर्व जिला पंचायत /जनपद पंचायत /नगर पालिक नेता /नगर पालिका /नगर परिषद /नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सरपंच, पूर्व, महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई, किसान कांग्रेस सेवादल, समस्त प्रकोष्ट एवं विभागों के अध्यक्षगण, पार्षदगण एवं पूर्व पार्षदगण, मंडल एवं सेक्टर के अध्यक्षगण, बीएलए, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्तागण अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रायसुमारी देंगे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एवं महिला कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष सागर(शहर) रिचा सिंह गौंड नें सभी कांग्रेस जनों सें बैठक में पधारने का अनुरोध किया है।

## आत्मा गवर्निंग बोर्ड व जिला स्तरीय निगरानी समिति जिला-सागर की बैठक संपन्न

# कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें, जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गवार्निंग बोर्ड की बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत की सीईओ सहित समस्त विभाग अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान संघों के पदाधिकारी की बैठक आयोजित करें एवं जागरूकता हेतु संगोष्ठी आयोजित करें साथ में प्राकृतिक खेती के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाए। परियोजना संचालक ष्आत्माष जिला सागर द्वारा बैठक में आत्मा व नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना एवं गवर्निंग बोर्ड की बैठक के उद्देश्यों एवं एजेण्डा की जानकारी उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों को दी गई।

कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा निर्देशित किया गया कि आत्मा योजनांतर्गत आगामी समस्त गतिविधि प्राकृतिक कृषि विषय पर आयोजित की जायें तथा कृषक भ्रमण व प्रशिक्षणों में कृषकों के साथ वैज्ञानिक एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से आयोजित कराया जावे। इसके अतिरिक्त विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत सी.ई.ओ. से समन्वय कर महिला फूड सिक्योरिटी ग्रुप गतिविधि हेतु संचालनालय से प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार एक पेड़ मां के नाम तथा महिला समूह पर आधारित अन्य गतिविधियाँ एक साथ आयोजित की जावें। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनांतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में अध्यक्ष द्वारा कृषि के साथ सभी एलाइड विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग कृषकों को प्राकृतिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित करें।



## शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनाने वालों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर द्वारा लगातार आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अपने समक्ष सुना जा रहा है और तत्काल उनका निराकरण भी किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में आज उन्होंने कलेक्टर चेंबर में आवेदकों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को अपने समक्ष ही निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों में कहा कि पुलिस अधिकारी गंभीरता से जांच करें और उनका निराकरण कारये उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में शिकायत का निराकरण करते हुए निर्देश दिए की कोई भी प्रधानमंत्री आवास का हितग्राही किसी भी शासकीय भूमि पर अपना आवास नहीं बनाएगा पुराने मकान को ही प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रदान की गई राशि से मकान तैयार करेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में शासकीय भूमि पर प्रधानमंत्री आवास नहीं बनना चाहिए उन्होंने निर्देशित किया कि पुराने मकान पर ही जीरो टैग किया जाए।




## कल्पद्रुम विधान में 351 श्रीफलों से अर्घ समर्पित

**सागर।** तिलकगंज में चल रहे 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान आर्यिका विजिज्ञासाश्री माताजी के सानिध्य में चल रहा है । माताजी ने कहा जो भी श्रावक एक बार सम्मेद शिखर जी की वंदना करता है उसको भी निर्माण प्राप्त हो ही जाता है । जो श्रावक श्रीजी को सिंगासन एवं छत्र समर्पित करते हैं उनकी जीवन में आने बाली बाधाओ का निदान अपने आप हो जाता है । आज की प्रथम शाँतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमान कमलेश कुमार हनी भड्डर, द्वितीय शैलेन्द्र जैन खेजरा बाले तृतीय प्रफुल्ल सिंघई । आज के श्रावक श्रेष्टि बनने का सौभाग्य जिनेंद्र जैन आकर्षण फर्नीचर को प्राप्त हुआ ब्रह्मचारिणी रूबी दीदी की बिनोली यात्रा का निवेदन समाज ने माताजी के समक्ष किया। जैसा की श्रीमान वीरेन्द्र मालथोन एवं कमेटी अध्यक्ष नितिन जैन ने जानकारी दी कि पच्चीस रथों के द्वारा 31 तारीख को जो नगर परिक्रमा होनी है वह ऐतिहासिक होगी नगर विधायक श्रीमान शैलेन्द्र जैन एवं श्रीमति अनुश्री जैन को रथों का सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।पिच्छी परिवर्तन के दौरान रोहित जैन सविता जैन सूत वाले परिवार को विजिज्ञासाश्री माताजी की पिच्छी प्राप्त हुई एवं छुल्लिका माता जी की पिच्छी डाली नारंगी एवं सुशील नारंगी परिवार को प्राप्त हुई इस अवसर पर कपिल मलैयाजी ने निवेदन किया कि इस पावन रथ यात्रा में सम्मिलित होकर के अपने पुण्य का संचय करें ।

## खपरेला घाट हनुमान मंदिर: 43 वर्षों से लगातार दीपावली पर गूंजती रामायण की अखंड ध्वनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर की धार्मिक परंपरा और आस्था का एक अनोखा उदाहरण है खपरेला घाट स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर,जहां पिछले 43 वर्षों से दीपावली के दूसरे दिन यानी भाईदूज से लेकर एकादशी तक निरंतर अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है। शहर के सुभाष वार्ड में स्थित यह हनुमान जी का मंदिर सोनभद्र नदी के तट पर है और धार्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व है। यह मंदिर न केवल गढ़ाकोटा नगर में बल्कि आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी श्रृद्धा का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मंदिर के पुजारी महादेव उपाध्याय ने बताया कि यह परंपरा वर्ष 1982 से निरंतर चल रही है।

हर वर्ष दीपावली के बाद भाईदूज से एकादशी तक अखंड रामायण पाठ किया जाता है, जिसमें जानकीनाथ समस्त मंडली, दुबे परिवार, उपाध्याय परिवार अन्य भक्तजन मिलकर भक्ति भाव से 24 घंटे निरंतर रामायण पाठ करते हैं। उपाध्याय ने बताया कि ईश्वर की कृपा और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह परंपरा अब तक बिना रुके चली आ रही है। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण का सिलसिला भी चलता रहता है।

हर शाम राम नाम के जयकारों और ढोल-करताल की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खपरेला घाट का यह हनुमान मंदिर मनोकामना पूर्ण करने वाला सिद्ध स्थल है। दीपावली के बाद शुरू होने वाले इस अखंड रामायण पाठ में प्रतिदिन सैकड़ों भक्त शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

पुजारी महादेव उपाध्याय ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस पावन परंपरा को बनाए रखने में अपना योगदान देते रहें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस आध्यात्मिक धरोहर को आगे बढ़ा सकें। गढ़ाकोटा का सिद्ध हनुमान मंदिर जहाँ 43 सालों से दीपावली के बाद गूंजती है रामायण की अमृत वाणी व आस्था और भक्ति की अखंड ज्योति के साथ धार्मिक मान्यता श्रृद्धालुओं का आस्था का केंद्र है।




## सुरखी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का संगठन और मजबूत हो सभी इसी दिशा में काम करें: मोहासा

**सागर।** जैसीनगर में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा के प्रथम जैसीनगर आगमन पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन जैसीनगर बस स्टैंड पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए गेहूंरास तिराहे पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा का बुंदेली परंपरा के अनुसार स्वागत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। समारोह को जैसीनगर की पूर्व जनपद अध्यक्ष महिला नेत्री प्रमिला सिंह, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेता आशीष ज्योतिषी ने पार्टी संगठन की एकता पर जोर दिया। दीपावली मिलन कार्यक्रम कर्ता राजकुमार सिंह धनौरा ने अपने संबोधन में कहा कि अभी चुनाव का वक्त नहीं है लेकिन हमारा चुनाव चिन्ह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का पंजे का निशान है । चाहे प्रत्याशी कोई भी हो हम सभी को इस बात का ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में अत्याचार अब ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाला है और हमें मजबूती से षड्यंत्रकारियो से सावधान रहना है और सभी को एक जुटता से काम करना है। 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे नीरज शर्मा ने कहा कि सुरखी विधानसभा में चुन चुन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मकान गिराए जा रहे हैं हमारे कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया जा रहा है। किसान खाद के लिए लाठी डंडे खा रहा है । जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को घर बैठे खाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें किसी प्रकार के प्रलोभन में नहीं आना है। समारोह में पूर्व विधायक घनश्याम सिंह कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत पारखी नजर पार्टी हाई कमान की सागर जिले पर गई ।अनुभवी दिन रात मेहनत करने वाले युवा भूपेंद्र सिंह मुहासा को सागर जिले की कमान दी गई है।

## चरित्र मानव जीवन की स्थायी निधि है, जीवन में सफलता का आधार मनुष्य का चरित्र ही है: पंडित केशव गोस्वामी जी महाराज



**सागर।** शहर के तिलकगंज वार्ड में मां लक्ष्मी सार्वजनिक महोत्सव समिति द्वारा विराजमान मां महालक्ष्मी के समक्ष गृहस्थ संत पंडित केशव गोस्वामी महाराज के मुखारविंद से चल रही शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर चंचुला का प्रसंग सुनाते हुए कहा धन से अधिक महत्व चरित्र का माना गया है, जिस मनुष्य के जीवन में चरित्र अच्छा नहीं है तो वह मनुष्य मनुष्य रूप में पशु के समान है पशु बुद्धि का है। कहा जाता है कि धन गया तो कुछ नहीं गया और तन गया तो कुछ गया और चरित्र गया तो सब कुछ चला गया। इसलिए सदाचरित्रवान बनना चाहिए,चरित्र मानव जीवन की स्थायी निधि है। जीवन में सफलता का आधार मनुष्य का चरित्र ही है। हम चाहें किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हों, किसी भी पद पर अपना योगदान कर रहे हों, हमें चरित्र को बनाकर और बचाकर रखना चाहिए। क्योंकि चरित्र ही सफलता की मजबूत सीढी है चाहे कोई व्यक्ति कितना ही विद्वान धनवान बलवान क्यों न हो परन्त यदि वह चरित्रवान नहीं, तो सब कुछ व्यर्थ है।

## 52वीं हिन्द केशरी कुश्ती स्पर्धा के लिये मध्य प्रदेश की कुश्ती टीम का चयन ट्रायल सागर में होगा

**सागर।** इंडियन स्टाईल कुश्ती महासंघ भारत के तत्वावधान में तथा राज्य भारतीय शैली कुश्ती संघ के सहयोग से देश की सबसे प्रतिष्ठित कुश्ती स्पर्धा हिन्द केशरी 2024-25 एवं 52वीं सीनियर महिला एवं पुरुष भारतीय शैली कुश्ती स्पर्धा का आयोजन 20 नबम्वर से 23 नबम्वर तक सितारा महाराष्ट्र में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ की टीम भी भाग लेगी जिसका चयन 05 नबम्वर को सुबह 10.00 बजे छत्रशाल अखाड़ा सागर म.प्र. में आयोजित है। जिसमें विभिन्न भार वर्ग वजन सीनियर पुरुष 55, 60, 65, 70, 75, 80, 85 एवं 85 से ऊपर 140 किलो ग्राम तक हिन्द केशरी टाईटल साथ ही महिला वर्ग के वजन 48, 52, 56, 62 एवं 65 से ऊपर 90 किलोग्राम तक महिला हिन्द केशरी के लिये चयन किया जाएगा।




## युवा संगम कार्यक्रम: जिले के युवाओं को मिला रोजगार व स्वरोजगार का सुनहरा अवसर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सागर जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालय सागर, संभागीय आई.टी.आई. सागर तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर के संयुक्त तत्वावधान में आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज सागर में "युवा संगम" कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया।इस रोजगार मेला कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 724 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसमें से 494 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को स्थानीय एवं राष्ट्रीय कंपनियों से जोड़ना, उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना एवं स्वरोजगार योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। इस युवा संगम कार्यक्रम में देश-प्रदेश स्तर की निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से स्किल विजन, आदित्य बिरला कैपिटल सागर, शिवशक्ति एग्रीटेक प्रा. लि. सागर, ग्रेट ऑर्गेनिक डायमंड प्रा. लि. सागर, अवसर कंपनी, माय लाइफ स्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्रा. लि. सागर, गेल इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स गुना, ग्रेनुअल ऑर्गेनिक प्रा.लि. सागर, आमदानी (एम.आर. टायर्स), गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर सागर, आर्किटेक भोपाल, पुखराज हेल्थ केयर जबलपुर, टी.एस.पी.एल. ग्रुप पुणे (महाराष्ट्र), एल एण्ड कंस्ट्रक्शन, पेटीएम, एवं एल.आई.सी. मकरोनिया सागर आदि कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी कंपनी नीतियों एवं अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुरूप साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन किया तथा चयनित उम्मीदवारों को ऑफर लेटर भी प्रदान किए। इस अवसर पर अनेक युवाओं ने पहली बार सीधे कॉर्पोरेट सेक्टर से जुड़ने का अनुभव प्राप्त किया, जिससे उनके आत्मविश्वास एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई। स्वरोजगार के क्षेत्र में भी इस कार्यक्रम का विशेष महत्व रहा।

## भारतीय डाक कर्मचारी संघ व भारतीय मजदूर संघ का संभागीय अधिवेशन संपन्न

# विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा-डाक कर्मियों की निष्ठा अनुशासन और सेवा भावना ही राष्ट्र की प्रगति का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मकरोनिया स्थित वैदिक वाटिका में भारतीय डाक कर्मचारी संघ एवं भारतीय मजदूर संघ का संभागीय अधिवेशन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि भारतीय डाक विभाग देश की सबसे पुरानी और विश्वसनीय संस्थाओं में से एक है, जिसने हर युग में आम नागरिक तक सरकार की योजनाओं और सेवाओं को पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा डाक कर्मचारी केवल पत्र या पार्सल नहीं पहुँचाते, वे भावनाएँ, भरोसा और एकता का संदेश लेकर चलते हैं। आपने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सेवा भावना का परिचय दिया है। चाहे ग्रामीण क्षेत्रों तक डाक सेवाएँ पहुँचाना हो या डिजिटल युग में नई चुनौतियों के साथ खुद को ढालना।

विधायक जैन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "डिजिटल इंडिया" और "सशक्त कर्मचारी, सक्षम भारत" की भावना के अनुरूप डाक विभाग का आधुनिकीकरण देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने भारतीय मजदूर संघ की सराहना करते हुए कहा कि संगठन ने हमेशा श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए सशक्त आवाज उठाई है। "मजदूर संघ और डाक कर्मचारी संघ दोनों ही संगठन राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। इनकी प्रतिबद्धता, अनुशासन और एकता से ही देश मजबूत बनता है।" अंत में विधायक जैन ने सभी कर्मचारियों को उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए धन्यवाद दिया तथा समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करते रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में एम. पी. सिंह आशीष सिंह (प्रांतीय संयुक्त मंत्री, भारतीय मजदूर संघ, मध्य प्रदेश), ए. के. अरख , विनय श्रीवास्तव (सहायक अधीक्षक डाक विभाग), ऋषिराज तिवारी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ संघीय परिषद एवं कार्यक्रम आयोजक), ख्यालीराम शर्मा (राष्ट्रीय महासचिव), किशोरी लाल रैंकवार, जगदीश जरौलिया, राकेश श्रीवास्तव (भारतीय मजदूर संघ सागर), जुझार सिंह राजपूत (प्रांतीय सचिव), घनश्याम मिश्रा, स्वाति पनिका, आकांक्षा खरे, सुश्री पलक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### मंदिर से लौट रहे युवक पर पत्थर से कर दिया हमला

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट अंतर्गत ग्राम वंशा बम्हौरी निवासी आशीष यादव पुत्र जगदीश ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 22 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे वह मंदिर से आरती करके घर लौट रहा था। वह जैसे ही गांव के साजन पुत्र स्व.कमलापति के घर के सामने पहुंचा तो गांव के शिशुपाल पुत्र किशन यादव ने गालियां दीं। मना करने पर पर शिशुपाल ने उसे लाठी-डण्डों व पत्थरों से मारपीट करने लगा। शोरगुल सुनकर गांव के केशव पुत्र मुलायम, जीवन पुत्र रामबाबू यादव ने बचाया। शिशुपाल ने उसे जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर परएफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बैंक में जमा रकम की लालच में युवती को भगाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 अक्टूबर को अपराह्न करीब 3.30 बजे उसकी 26 वर्षीय बहन को आरएमवी कांशीराम कालोनी में रहने वाला सागर सोनी पुत्र ब्रजनारायण सोनी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन के यूको बैंक खाते में पूरे परिवार के रुपये भी जमा हैं, उन्हीं रुपयों की लालच में सागर सोनी उसकी बहन को भगा ले गया है। इस मामले में सागर का पिता ब्रज नारायण सोनी भी शामिल है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सागर सोनी एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और वह उसकी बहन से अगले माह शादी करने वाला है। इसलिए पीड़ित ने मामले में कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सागर सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 व 61 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### तालबेहट के मऊ प्रकरण में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट के ग्राम मऊ में हुये विवाद को लेकर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मऊ निवासी रामसहाय दुबे ने पुलिस को बताया कि 24 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे उसका भतीजा अंश दुबे पुत्र अवधशरण दुबे गांव के चौराहा पर खड़ा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के जगदीश पुत्र गजराज सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रप्रताप सिंह व नरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्रगण जगदीश, आयुष, पीयूष पुत्रगण राजबहादुर सिंह एकराय होकर आये और अपने हाथों में लाठी-डण्डा, देशी तमंचा लिये हुये थे। आरोप है कि अपने अज्ञात साथियों के साथ उक्त लोगों ने गालियां देते हुये हमला कर दिया। मौके पर रामनिवास, चंचल, रामेश्वर प्रसाद, सुनील पर कुल्हाड़ी से हुये हमले में घायल हो गये। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बुंदेलखंड प्रांत निर्माण के लिए ग्राम सिलगन में जन जागरण रैली निकाली

# रामराज्य की परिकल्पना बुंदेलखंडवासियों की खुशहाली व विकास के बिना असंभवः कपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के जनजागरण के लिए एक दोपहिया वाहन रैली ललितपुर से ग्राम सिलगन तक एक दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। इस मौके बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। वाहन रैली के दौरान सिलगन ग्रामप्रधान पूरन सिंह की अगुवाई में 40 ग्रामीणों ने बुन्देलखण्ड विकास सेना की सदस्यता ग्रहण की गई। इस मौके पर बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि राम राज्य की परिकल्पना बुन्देलखण्ड वासियों की समग्र खुशहाली और विकास के बगैर असम्भव है। उन्होंने जनजागरण रैली में ग्रामीणों से सहयोग और समर्थन मांगा और बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के औचित्य के बारे में विस्तार से बताया गया । इस मौके पर बु. वि. सेना के तार्किक सहयोग के आवाहन से प्रभावित होकरज्ज40 लोगों ने बु. वि. सेना की सदस्यता ग्रहण करते हुए दोपहिया वाहन रैली में सहयोग का आश्वासन दिया। बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि हमारा संगठन आगे भी ऐसी जनजागरण अभियानों और चौपालों का आयोजन करता रहेगा । जन-जागरण रैली के दौरान सिलगन ग्रामप्रधान पूरन सिंह बुदेनिया , हाकिम सिंह , गफूर खां , राजकुमार कुशवाहा , कदीर खां, खुशाल बरार , विनोद साहू , भैयन कुशवाहा , बलराम बाल्मीक, संजू राजा, रामप्रकाश झा,भजन कुशवाहा , मुन्ना महाराज त्यागी, पंचम झा,जाहर सिंह , हमीद खां , जगन लोधी , जनकू कुशवाहा , छोटे राजा , भागीरत राजपूत , अनश खां , गफ्फार खान,अकवर खां, जितेन्द्र राजा, अखिलेश राजपूत, रामनरेश, शब्बीर खां,शकूर खां , अमित कुमार राजपूत , चटकन राजा , हरनारायण लोधी,तिलक राजपूत , सुरेन्द्र रजक , अज्जुदी , भजन कुशवाहा हाकिम राजा, छोटे राजा, प्रकाश महाराज, हर नारायण राजपूत जाहरसिंह राजपूत, भागीरथ राजपूत अखिलेश राजपूत, अमित राजपूत, अकबर खां, जगन राजपूत, अजुद्दी राजपूत, अमित पाल, गफ्फार खां, अभिषेक राजा, जनकू कुशवाहा, सोहिब खां, सब्बीर खां, हमीद खां , नितेन्द्र राजा, हाकिम राजपूत, रामाभाई, सविता पाल, आरती अहिरवार, सेवन्ती पाल आदि मौजूद रहे।

**सिलगन में 40 ग्रामीणों ने बुंदेलखंड विकास सेना की सदस्यता ग्रहण की**

करीला माता मंदिर से लौट रहे थे श्रद्धालु

# अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली दो लोगों की मौत, एक दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में शनिवार शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया। करीला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली मदऊखेड़ी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ललितपुर जिले की एक महिला और एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि 7 बच्चों समेत 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जैसे ही ट्रॉली पलटी, उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को निकालने में मदद की। कई घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### मृतक और घायलों की पहचान

मृतकों की पहचान ललितपुर जिले के थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम उमरिया निवासी गोमती कुशवाहा (50 वर्ष) पत्नी छलू और अरुदीप (10 वर्ष) पुत्री नारायण के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल ममतेश पत्नी उपेंद्र और लक्ष्मी पत्नी सुखनंदन को इलाज के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि अन्य घायलों में गिन्नी पुत्र इंद्रपाल, 58 वर्षीय केशर पत्नी उज्जवल अहिरवार, आठ वर्षीय राखी पुत्री लल्लू अहिरवार, 12 वर्षीय संस्कृति पुत्री राजकुमार कुशवाह, 14 वर्षीय अर्चना पुत्री अरविंद कुशवाह, 19 वर्षीय सृष्टि पुत्री लालाराम कुशवाह, 60 वर्षीय सिंगार पत्नी गोरेलाल अहिरवार), 45 वर्षीय बेबी राजा पत्नी हरपाल सिंह परमार, 4 वर्षीय मिस्टी राजा पुत्री भूपेंद्र सिंह परमार, 28 वर्षीय रुचि राजा पत्नी भूपेंद्र सिंह परमार, 5 वर्षीय गौरी राजा पुत्री भूपेंद्र सिंह परमार, 7 वर्षीय राजवीर राजा पुत्र भूपेंद्र सिंह परमार, 35 वर्षीय गेंदाबाई पत्नी सूर्यकान कुशवाह, 12 वर्षीय प्रदीप पुत्र सूर्यकान कुशवाह और 30 वर्षीय भानकुंवर पत्नी धनश्याम शामिल बताये गये हैं।

### अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम इसरार खान, थाना प्रभारी जोगिंदर यादव और तहसीलदार सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने अपने वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है।

### श्रद्धालु उमरिया गांव के थे

बताया गया कि उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के उमरिया गांव से करीब 20 लोग शनिवार सुबह करीला माता मंदिर दर्शन के लिए गए थे। शाम को लौटते समय मदऊखेड़ी के पास ट्रॉली के पलटने से यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करंट लगने से हुई निजी कर्मचारी की मौत

# कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग



**ललितपुर।** माताटीला रेलवे स्टेशन पर 25 अक्टूबर को करंट लगने से एक निजी कम्पनी के कर्मचारी की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में रविवार को मृतक के परिजनों ने रेलवे स्टेशन के पास सीनियर इंजीनियर विद्युत कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। परिजनों ने निजी कम्पनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की। मौके पर आरपीएफ और जीआरपी के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कोतवाली सदर के नेहरू नगर निवासी 27 वर्षीय शिवम रायकवार पुत्र स्व.बलीराम ललितपुर रेलवे में कार्यरत एक निजी कम्पनी में टेक्नीशियन के पद पर पिछले एक साल से काम कर रहे थे। 25 अक्टूबर शनिवार को शिवम अपने दो अन्य साथियों, साबिर सहित माताटीला रेलवे स्टेशन के पास एक विद्युत खंभे पर एटी (अर्थिंग) का काम करने गए थे। सुबह करीब 11 बजे खंभे पर चढ़ते समय उन्हें अचानक करंट लगा और वे 12 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। साथ में काम कर रहे साबिर और अन्य साथियों की मदद से शिवम को तुरंत तालबेहट स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह 11 बजे मृतक के परिजन, रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

उन्होंने बताया कि शिवम अपने पिता के निधन के बाद परिवार में इकलौते बेटे थे और उनकी पत्नी गर्भवती हैं। परिजनों ने मांग की कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता राशि दी जाए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी प्रदान की जाए। परिजनों का आरोप है कि कंपनी द्वारा शिवम को कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे और न ही काम के दौरान मौके पर कोई सुपरवाइजर मौजूद था। झांसी रेल मंडल के पीआरओ मनोज कुमार ने इस पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

पटेल समाज के लोगों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# सरदार पटेल जयंती की रूपरेखा तय भव्य शोभायात्रा होगी आकर्षण का केंद्र



**ललितपुर।** युवा शक्ति और संगठन की एकजुटता का परिचय देते हुए युवा पटेल वाहिनी जिलाध्यक्ष सुजान पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों पर है। इसी को लेकर कंपनी बाग में पटेल समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी शोभायात्रा, पुष्पांजलि कार्यक्रम और समाजिक एकता सम्मेलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पटेल समाज के युवा उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल न केवल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने देश की आज़ादी के बाद रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया। उनके आदर्शों और राष्ट्रप्रेम की भावना से प्रेरणा लेते हुए समाज के युवाओं ने एकता, सेवा और संगठन के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, निष्ठा और कर्मठता का प्रेरणास्त्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम सशक्त समाज और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। राहुल पटेल, संतोष पटेल, संजय कुर्मी, नीलेश प्यासा, विवेक पटेल, नितेश पटेल शिक्षक, राजेश पटेल, कल्यान पटेल शिक्षक, हरीशंकर पटेल, जाहर नेता, प्रिंस पटेल, रामजी पटेल एवं उपेंद्र पटेल मौजूद रहे।

कलचुरी समाज द्वारा तैयारियां जोरों पर चल रही

# सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव मनाया जाएगा आज



**ललितपुर।** 28 अक्टूबर को भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मोत्सव पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में कलचुरी समाज द्वारा तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस संबंध में रविवार को कलचुरी भवन, ललितपुर में कलचुरी महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शालिकराम राय ने की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन ललितपुर शहर में भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलचुरी भवन पहुंचेगा, जहां भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना, कथा, आरती एवं भंडारा जैसे धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। जिलाध्यक्ष शालिकराम राय ने बताया कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन समाज के आदर्श पुरुष हैं, जिन्होंने धर्म, नीति और न्याय की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकता, साहस और परोपकार का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी समाज बंधु इस अवसर पर अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें, भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करें, भजन-कीर्तन का आयोजन करें और परिवार के सदस्यों को भगवान के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करें। महासभा ने सभी लोगों से अपील की कि वे शोभायात्रा मार्ग पर फल, मिठाइयों, शीतल पेय और प्रसाद का वितरण करें, साथ ही पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर करें। समाज के प्रत्येक वर्ग को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है ताकि मिलकर इस पवित्र पर्व की शोभा बढ़ाई जा सके। आयोजन की विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जिनमें स्वागत समिति, प्रसाद समिति, सजावट समिति और व्यवस्था समिति शामिल हैं। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# ससुरालियों पर दहेज मांगने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

शादी के बाद पत्नी के नाम से लोन करा लेने और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी निशाद पुत्री लियाकत ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। निशाद ने पुलिस को बताया कि आठ साल पहले उसकी शादी सहारनपुर निवासी हिफजुर रहमान के साथ हुयी थी। शादी में उसके परिजनों ने करीब 6 लाख रुपये खर्च किये थे। शादी के बाद उसे एक पुत्र हुआ, जो कि अब सात वर्ष का है और वह भी दिमागी रोग से पीड़ित है। आरोप है कि शादी के दो वर्ष बाद ही ससुराली उसे परेशान करने लगे और उसके आभूषण बैंक में रखकर 1.80 लाख रुपये का लोन उसके नाम से निकलवा लिया। बताया कि उसके परिजनों ने कई बार ससुरालियों को रुपये भी दिये, बावजूद इसके ससुराली उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।

### खदान में उतराता मिला युवक का शव

निकटवर्ती ग्राम रजवारा में रविवार सुबह एक युवक का शव पानी से भरी खदान में उतराता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खदान के बाहर मृतक के कपड़े और चप्पल मिले, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक नहाते समय पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पीछे स्थित तालाब के निकट खदान में शव उतराता देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला, जिसकी पहचान गांव निवासी 35 वर्षीय अशोक रायकवार पुत्र कृष्णा के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक अशोक दो भाइयों में छोटा था और मछली पकड़कर अपना गुजारा करता था। उसकी पत्नी 15 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद वह अपने माता-पिता के साथ रह रहा था। उसका भाई किसी दूसरे शहर में मजदूरी करता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

सपा ने मनाई जयंती, अर्पित की गई पुष्पांजलि

# संत नामदेव महाराज ने समाज को दिया प्रेम व सद्भावना का संदेशः नेपाल सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में स्नातक विधायक डा मानसिंह यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने संत नामदेव महाराज के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत नामदेव ने समाज में प्रेम, समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे संतों के आदर्श आज भी समाज को एकता और सद्भाव की राह दिखाते हैं।कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संत नामदेव महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा ऐसे महान संतों के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करती है, जिन्होंने समाज में भेदभाव मिटाकर सभी को एक करने का काम किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संत नामदेव महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला महासचिव डा शिशुपाल सिंह लोधी, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी परवेज पठान, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता रामनरेश यादव, आसिफ खजुरिया आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकारों ने मनाई अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती

# विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जीवन पर डाला प्रकाश



**ललितपुर।** पत्रकारिता के पुरोधा और महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती सुपर मार्केट स्थित पत्रकार भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पत्रकारों और साहित्य प्रेमियों ने विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने की, जबकि संचालन महामंत्री अमित सोनी ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने विद्यार्थी जी के महान त्याग और समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। महामंत्री अमित सोनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के प्रेरक जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 हुआ और शहीद 25 मार्च 1931 हुए। वह एक निडर पत्रकार, स्वतंत्रता संग्राम के सक्रिय कार्यकर्ता और समाज सेवी थे। उन्होंने 1913 में प्रताप नामक क्रांतिकारी साप्ताहिक पत्र की स्थापना की, जिसे बाद में दैनिक कर दिया गया। प्रताप ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आवाज उठाई और किसानों, मजदूरों तथा दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने अपनी पत्रकारिता को कभी भी दलीय राजनीति का मोहरा नहीं बनने दिया। वक्ताओं ने बताया कि विद्यार्थीजी ने अपनी कलम से क्रांति की मशाल जलाई और महात्मा गांधी के अहिंसावादी विचारों के साथ-साथ क्रांतिकारियों को भी समान रूप से सहयोग दिया। उन्होंने अनेक बार जेल यात्राएं कीं, लेकिन सत्य और न्याय के मार्ग से नहीं डिगे। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने 25 मार्च 1931 को कानपुर के सांप्रदायिक दंगों को शांत कराते हुए निसहायों को बचाते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। उनका यह सर्वोच्च बलिदान सांप्रदायिक सद्भाव और मानवता के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस दौरान संतोष नारायण शर्मा, पवन संज्ञा, सुनील शर्मा, अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, अजय बरया, रवि जैन चुनगी, विनीत चतुर्वेदी, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, अबरार अली, अनूप सेन, अशोक तिवारी, कुन्दन पाल, अमित लखेरा, मनोज वैद्य, संदीप शर्मा, संजीव नामदेव, बृजेश पंथ, राहुल शुक्ला, अमित जैन मोनू, दीपक सोनी, शुभम पस्तोर, नितिन गिरी, जयेश बादल, संजय ताम्रकार, संजना सिंह, अशोक गोस्वामी, गौरव बजाज, शिवम अग्निहोत्री, शैलेन्द्र जैन, हितेन्द्र जैन, नीतेश जैन, सुनील जैन, अजय प्रताप सिंह तोमर, शैलेष जैन पिन्टू, अनंत सराफ, स्वतंत्र रिछारिया, कृष्णा विश्वकर्मा, अनूप मोदी, सुनील सैनी, दिव्यांश शर्मा, संजू श्रोती, विनोद त्रिपाठी, संजय चंदेल, कपिल नायक, वेदप्रकाश लिटौरिया, दीपक पाराशर, विकास सोनी, श्याम दीक्षित, अनुराग दीक्षित, स्वतंत्र रिछारिया, यशपाल सिंह, आलोक चतुर्वेदी, रामप्रताप सिंह, अशफाक कुरैशी, भगवत यादव, अजितेश जैन शानू, अक्षय दिवाकर, फैजल खान, अमित राठौर, पंकज रायकवार, अनूप नांगल, आलोक खरे, कृष्णकांत सोनी, सुमित रैकवार मौजूद रहे।

### पत्रकारिता करने की अपील

वक्ताओं ने सभी पत्रकारों से अपील की कि वे अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन मूल्यों और पत्रकारिता के आदर्शों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी विद्यार्थी जी की तरह निर्भीक, निष्पक्ष और जनहितैषी पत्रकारिता करने की आवश्यकता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके और शोषितों-पीड़ितों की आवाज बन सके।

## दूसरे दिन भी हुई झमाझम बारिश से फिर तालाब बने खेत खलिहान

# दिनभर बरसी आफत की बारिश, सांसद और कलेक्टर ने लिया नुकसान का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को हुई आफत की बारिश के बाद सोमवार को भी किसानों को राहत नहीं मिल सकी। सोमवार की अल सुबह से ही आफत की बारिश शुरू हो गई जो रूकरूक कर दिनभर बरसती रही। इससे बर्बाद हुई धान की फसल को देखकर किसान सदमे डूब गए है। बे मौसम बारिश से फसलों को हुई क्षति का आकलन करने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सोमवार को दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया और मैदानी अमले को तत्काल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट सुपुर्द करने के निर्देश दिए ताकि शासन से मुआवजा राशि की मांग की जा सके। इस दौरान उन्होंने एक पटवारी को मौके पर उपस्थित न मिलने पर निलंबित करने के निर्देश दिए। उधर कराहल पहुंचे सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने विकासखंड के खेतों में खराब हुई फसल को देखा और सरकार की ओर से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन किसानों को दिया।

रविवार की सुबह हुई बारिश के बाद थोड़ी बहुत राहत यह मिली कि दिन भर मौसम साफ़ बना रहा जिससे किसानों को खेतों खलिहानों में पड़ी फसल को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने का अवसर मिल गया कुछ किसान भीग चुकी फसल को खुले में सूखने का प्रयास करते देखे गए लेकिन ऐसे सारे प्रयास पर सोमवार को हुई झमाझम बारिश ने दोबारा से पानी फेरने का काम कर दिया। सोमवार को सुबह जब लोग उठे तो उन्हें रिमझिम बारिश होती दिखाई दी और यह बारिश पूरे दिन चली पर सुबह 2 घंटे तक बारिश बहुत तेजी के साथ हुई थी जिससे नदी नाले भी उफान पर आ गए। शहर के बीच से गुजरी सीप, कदवाल और अमराल नदियों में भी इस बारिश से उफान आ गया। बारिश से सबसे ज्यादा हलाकान जो वर्ग हुआ वह था किसान। जिसकी मेहनत की कमाई के रूप में खेत कहीं खडी तो कटी पडी धान की फसल उनकी आंखो के सामने बारिश के कारण बर्बाद हो गई।









### लापरवाह पटवारी निलंबित

रविवार को हुई बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल की क्षति का आकलन करने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सोमवार को कई गांवों का दौरा किया इस दौरान उन्होंने बड़ौदा बत्तीसा क्षेत्र में मिले ग्रामीणों से चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि ईमानदारी के साथ सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे इस दौरान मौके पर हल्का पटवारी अशोक बिसारिया गायब मिले इस बात को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने घोर लापरवाही मानते हुए एसडीएम गगन मीणा को पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिया।

### सांसद ने लिया जायजा, दिया आश्वासन

बे मौसम हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान को देखने के लिए सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी श्योपुर पहुंच गए जहां उन्होंने पहले कराहल विकासखंड के कई गांवो का भ्रमण कर खराब हुई फसलों को देखा इस दौरान उनके साथ संत नौनार सरकार भी मौजूद रहे। सांसद तोमर ने मौके पर मौजूद एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव को तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि प्राकृतिक आपदा पर किसी का जोर नहीं है यह आपदा प्राकृतिक है इसे रोका तो नहीं जान सकता लेकिन किसानों को मायूस नहीं किया जाएगा जितना संभव हो सकेगा सरकार किसानों की मदद करेगी। इसके बाद उन्होंने श्योपुर विकासखंड क्षेत्र में बारिश से बर्बाद हुई फसलें देखी इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिसोदिया एवं सुरेंद्र जाट आदि भी मौजूद रहे।

### बारिश से नदी नाले आए उफान पर

सोमवार को हुई झमाझम बारिश से न सिर्फ किसानों के खेत खलिहान तालाब बन गए बल्कि शहर से गुजरी सीप और उसकी सहायक नदियां कदवाल और अमराल में भी उफान आ गया। इन तीनों नदियों का उफान बारिश में आने वाले उफान की तरह ही देखा गया हालांकि नदियां उफनकर कर बाहर तक आ गई थी लेकिन निचली बस्तियों में पानी घुसने की जानकारी कहीं से नहीं मिली। लेकिन जो लोग निचली बस्तियों में रहते हैं वह अलर्ट मोड पर जरूर आ गए थे।

## असमय हुई बारिश से बर्बाद फसल के मुआवजा के लिए कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# मुआवजा नहीं मिला तो सड़क पर उतरकर करेंगे प्रदर्शनः फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



साहब! किसानों की खून पसीने से तैयार की गई फसल पर प्राकृतिक प्रकोप कहर बनकर टूटा है। इस प्राकृतिक आपदा में राहत देने के नाम पर सरकार और उससे जुड़े संगठन राजनीति न करें सर्वे कराकर किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जाए अन्यथा कांग्रेस किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएगी। यह बात सोमवार को बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद डिप्टी कलेक्टर संजय जैन से कहीं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष फौजी ने डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को बताया कि जिले के किसानों को बेमौसम वर्षा ने बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। कई खेत ऐसे हैं जिनमें एक दाना भी धान का नहीं बचा है। सम्पूर्ण जिले की फ़सल को प्राकृतिक आपदा ग्रस्त घोषित कर किसानों को मुआवजा दिलाये जाने की जरूरत है। प्रथम दृष्टि में नुकसान साफ दिखाई पड़ रहा है लेकिन ऐसा लगता है कि प्रशासन किसी इशारे के इंतजार में है ताकि किसानों की इस बर्बादी पर आंसू पोंछने का लाभ भी राजनीतिक रूप से लिया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति करना राजनीति का नैतिक पतन है किसानों को न सिर्फ बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाया जाए बल्कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के रूप में किसानों के बैंक खातों से जो प्रीमियम काटा गया है जिसका बीमा क्लेम लेने के वह अधिकार रखते हैं वह बीमा क्लेम भी तत्काल बीमा कंपनी से किसानों के खातों में डलवाया जाए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामलखन हिरनीखेड़ा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामभरत मीणा , विजयशंकर मीणा , दिनेश सिकरवार , हंसराज मीणा, शब्बीर खान, सत्येंद्र गौड़, रेनू सेन , अशोक धुलिया आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# आदिवासी नाबालिग को हवालात में प्रताड़ना की मुख्यमंत्री से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना पुलिस पर एक आदिवासी नाबालिग को हवालात में बंद रखकर प्रताड़ना देने की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची है। नाबालिग के पिता ने मुख्यमंत्री को भेजें आवेदन में कराहल पुलिस पर नाबालिग को नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से उसे हवालात में बंद कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ना देने का आरोप लगाया है।

कराहल की बडी कॉलोनी रोहणी निवासी फूलचंद आदिवासी ने सीएम को भेजी शिकायत में आरोप लगाया कि 22 अक्टूबर को दोपहर को कराहल पुलिस मेरे घर से मेरे नाबालिग बेटे को मारते पीटते हुए थाने ले गए,जहां उसे भूखा प्यासा थाने में बंद रखा। इसके बाद देर रात को मेरे दूसरा बेटे के द्वारा कराहल थाना पुलिस को 3500 रूपए दिए गए,तब कहीं जाकर मेरे बेटे को छोडा गया। पीडित का आरोप है कि पुलिस द्वारा कानून की जानकारी होने के बाद भी मेरे नाबालिग बेटे के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया हैं एवं कानून का दुरूपयोग कर उल्लंघन किया गया हैं। लिहाजा इस मामले में दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस मामले में एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने बताया कि आरोप सही नहीं है,मामले की जांच करवाते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ को बंद मिले आंगनबाडी केंद्र, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंद मिले आंगनबाडी केन्द्रों की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

प्रभारी सीडीपीओ सुषमा सोनी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र बंद पाये जाने पर आंगनबाडी केन्द्र बंधाली-ए की कार्यकर्ता सरला जाट एवं सहायिका अंगुरी बाई, आंगनबाडी केन्द्र बंधाली-बी की कार्यकर्ता सरिता आदिवासी एवं सहायिका लक्ष्मी, आंगनबाडी केन्द्र फतेहपुर-बी की कार्यकर्ता बृजेश गुर्जर एवं सहायिका बबीता आदिवासी, आंगनबाडी केन्द्र के आवदा-ए की कार्यकर्ता आशा भदौरिया एवं सहायिका संतरा बाई, आवदा-बी की कार्यकर्ता रेखा राठौर एवं सहायिका भग्गो बाई, आवदा-सी की कार्यकर्ता उर्मिला जादौन एवं सहायिका कैलाशी बाई, आवदा-मिनी की कार्यकर्ता राजो बाई, आंगनबाडी केन्द्र पनार की कार्यकर्ता रीना एवं सहायिका रामकली आदिवासी, आंगनबाडी केन्द्र गिरजा जाटव एवं सहायिका रेखा बाई, आंगनबाडी केन्द्र उगाना की कार्यकर्ता सुधा शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

# खंडेलवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



खंडेलवाल समाज श्योपुर के पूर्व अध्यक्ष मुकुट बिहारी खंडेलवाल (रावत ) बीडी वालों का निधन सोमवार को हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे सोमवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम यात्रा शाम 4:30 बजे निज निवास कबीर आश्रम बड़ौदा रोड के पास से मुक्तिधाम तक निकाली जहां उनका दाहसंस्कार किया गया।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट,पति पत्नी पर केस

श्योपुर।ढोढर थाना क्षेत्र के बलावनी के हार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान नामजद पति पत्नी ने मिलकर फरियादी की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। ढोढर पुलिस ने बताया कि रविवार को ग्राम बलावनी निवासी विजेन्द्र रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बलावनी के हार में स्थित बंजारा वाले खेत पर पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ चरन सिंह बंजारा और कविता बंजारा ने मिलकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। साथही जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पुलिस ने चरन सिंह और कविता के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है।

# किशोर बालकों को अनुकूल सेवाओं से जोड़े,तभी सार्थक होगा प्रशिक्षण का उद्देश्यः सिकरवार

**जेंडर संवेदनशीलता पर कार्यशाला आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में महिला बाल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जेण्डर संवेदनशीलता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में आयोजित कार्यशाला के दौरान डिविजनल कंसल्टेंट स्वास्थ्य आसिफ अख्तर, मनकक्ष प्रभारी डॉ गायत्री मित्तल, बीएमओ डॉ सौरभ सिंह सिकरवार, ममता संस्था के किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम प्रबंधक लल्लन प्रसाद गौड, बीपीएम वैशाली गोयल, संरक्षण अधिकारी विष्णुकांत दुबे, सीएचओ, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम दल, एएनएम आदि उपस्थित रहें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पीसी-पीएनडीटी एक्ट एवं जेंडर संवेदनशीलता पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीएमओ डॉ सौरभ सिंह सिकरवार ने कहा कि किशोर बालकों को उमंग हेल्थ सेंटर और मन कक्ष से जोड़कर उन्हें किशोर अनुकूल सेवाओं से जोड़ना ही इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। यह तभी सार्थक होगा,जब हम सब मिलकर इस काम को धरातल पर उतारेगे।

कार्यशाला के दौरान बाल संरक्षण के अंतर्गत बच्चों के चार मुख्य अधिकारों जन्म का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार और प्रतिभागिता का अधिकार पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। आसिफ अख्तर ने साथिया के चयन में सीएचओ और एएनएम की भूमिका के बारे बताते हुए कहा कि 1000 की आबादी पर 14 से 17 वर्ष के साथिया(एक लड़की और एक लड़का) का चयन करना है। साथिया के चयन पश्चात तनावग्रस्त स्वास्थ्य व अवसाद से गुजर रहे किशोरों का चिन्हीकरण और आसान हो जाएगा।

## जिले में सामने आए थे 491 संदिग्ध हितग्राही

# जांच में 413 हितग्राही पाए गए फर्जी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने बंद किया राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में विभागीय जांच के दौरान 413 ऐसे फर्जी गरीब पकड में आए है। जो अपात्र होते हुए भी फर्जी गरीब बनकर शासन से गरीबों के लिए दिए जाने वाले राशन को खा रहे थे। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने जांच की कार्रवाई पूरी करने के बाद 413 फर्जी गरीब हितग्राहियों का राशन बंद कर दिया है।

यहां बताना होगा कि सरकार के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) अन्तर्गत जो हितग्राही राशन दुकानों से गेहूं-चावल, शक्कर व नमक सहित अन्य सामग्री प्राप्त कर रहे है,उन हितग्राहियों की शासन की ओर से जांच की जा रही है। शासन की इस प्रारंभिक जांच के दौरान श्योपुर जिले में 491 संदिग्ध हितग्राही सामने आए है, जो गरीबों के हक का राशन जिले की राशन दुकानों से प्राप्त कर रहे है। शासन स्तर से संदिग्ध लोगों की सूची आने के बाद इन्हें जिले के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से नोटिस जारी किए गए थे। ये वे हितग्राही हैं जिनकी आय 6 व 25 लाख से अधिक है या फिर कपनी के डायरेक्टर होकर मुफ्त का राशन प्राप्त कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बाद कई संदिग्ध हितग्राहियों के द्वारा नोटिस का जबाव नहीं दिया गया। ऐसे में विभागीय अधिकारियों ने निर्धारित समय सीमा में नोटिस का जबाव नहीं देने वाले संदिग्ध हितग्राहियों के खिलाफ एक तरफा कार्रवाई करते हुए उनका राशन बंद कर दिया गया है।



### 273 दुकानों से 1 लाख 21 हजार 559 हितग्राही ले रहे राशन

जांच के दौरान अपात्र पाए गए हितग्राहियों के नामों को राशन वितरण सूची से विभाग के द्वारा हटा दिया गया है। बताया गया है कि अब जिले में 1 लाख 21 हजार 559 हितग्राही राशन प्राप्त कर रहे है,जिन्हें जिले में खुली 273 राशन दुकानों से हर माह राशन दिया जा रहा है।

### 491 में से सिर्फ 78 हितग्राहियों ने ही दिया नोटिस का जवाब

बताया गया है कि जिले में संदिग्ध मिले 491 राशन हितग्राहियों को विभाग की ओर से नोटिस गए और निर्धारित समय सीमा में नोटिए का जबाव देने के लिए निर्देशित किया गया। लेकिन निर्धारित समय सीमा में 491 लोगों में से सिर्फ 78 लोग ही नोटिस का जबाव दे पाए है। विभागीय अधिकारियों ने जब नोटिस का परीक्षण किया तो उनका जबाव सही पाए गए है। इसलिए विभाग ने 78 हितग्राहियों के राशन को चालू रखा है। इसके अलावा 413 हितग्राहियों की ओर से कोई जबाव नहीं दिया गया है,जिसकारण उनके खिलाफ एक तरफा कार्रवाई करते हुए उनका राशन बंद कर दिया गया है।

### इनका कहना है

फिलहाल विभागीय ट्रैनिंग के लिए जिले से बाहर हूं,लेकिन इस मामले में जो हितग्राही अपात्र पाए गए है, उनके नाम सूची से हटाकर उनका राशन बंद कर दिया गया है। अब जिले में उन्हीं को राशन दिया जा रहा है,जो हितग्राही राशन पाने के वास्तविक हकदार है।

**विजय शाक्य**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर**

# कलेक्टर ने निरस्त किया अधिकारी, कर्मचारियों का अवकाश, किसानों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा लगातार बारिश के चलते सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिये है। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सभी पटवारी गांव में रूककर फसल क्षति का आंकलन करें तथा तीन दिवस में रिपोर्ट दी जाये। लापरवाह पटवारियों के विरूद्ध तत्काल निलंबन की कार्यवाही की जाये। जो पटवारी अवकाश पर गये है, उन्हें तत्काल ड्यूटी पर बुलाया जायें। कृषि विभाग एवं पंचायत सचिवों के सहयोग से सर्वे की रिपोर्ट शीघ्रता से तैयार की जायें। बारिश से हुई फसल क्षति के आंकलन में किसी प्रकार की लापरवाही नही बरती जायें। जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उन्हें पूरा मुआवजा प्रदान किया जायें। शिकायत मिलने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर द्वारा फसल क्षति आंकलन एवं फसल बीमा से संबंधित कोई भी परेशानी होने के दृष्टिगत रख किसानों की समस्या समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है,इस संबंध में किसान कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोलरूम नंबर 07530-222631 एवं 07530-221459 पर सूचना प्रदान कर सकते है।

### बीमित किसान फसल नुकसान की सूचना टोल फ्री नंबर पर दें

श्योपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत वर्ष 2025 खरीफ मौसम में जिन कृषकों के द्वारा जिले में अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है और वर्तमान में बारिश के चलते उनकी धान की फसल को क्षति हुई है तो तत्काल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना देने का कार्य करें। यह समझाइस उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य ने जिले के किसानों को देते हुए बताया कि बीमित कृषक फसलों में हुई क्षति की जानकारी ए.आई.सी. बीमा कंपनी भोपाल के टोल फ्री नं. 14447 पर प्रदान करें।

# चक मजीदपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित 35 रोगियों की जांचकर इलाज किया गया

श्योपुर। सोमवार को कराहल विकासखण्ड के ग्राम चक मजीदपुर में स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर होम्योपैथी कराहल के तत्वाधान में आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ कौशल श्रीवास्तव द्वारा 35 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में 15 पुरूष रोगी एवं 20 महिला रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर बीमारी अनुसार निशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों के बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। शिविर के माध्यम से उच्चरक्तचाप, मधुमेह, उदर रोग, संधिवात, आमवात, मूत्ररोग, अनिद्रा, अर्श विभिन्न मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, ज्वर, वायरल संक्रमण, दस्त, टाइफाइड, त्वक रोग, एलर्जी, पेटदर्द, सिरदर्द, गले में खराश, आंखों में जलन आदि के मरीजों का उपचार किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचर्या, औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से भैंस की मौत 3 लोगों को लगा करंट

**शिवपुरी।** कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम रिज़ोदा में बिजली विभाग की लापरवाही से एक भैंस की मौत हो गई,जबकि तीन ग्रामीण करंट की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने बताया बहुत दिनों से बिजली के तार झूल रहे हैं कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया फिर भी उनके द्वारा इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते ग्राम रिज़ोदा में राजेश रघुवंशी की भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। उसी से समय राजेश रघुवंशी तथा अन्य दो लोग भी करंट की चपेट में आने से बच गए।

### ट्रैक्टर पलटने की घटना में 2 की मौत, कई घायल

**अशोकनगर।** शनिवार की देर शाम को लगभग 7 बजे मां जानकी मंदिर करीला से दर्शन कर ट्रैक्टर में सवार लगभग 30 से 35 लोग अपने गांव उमरिया थाना नाराट जिला ललितपुर यूपी लौट रहे थे। ग्राम मदउखेड़ी तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर की घाटी पर ट्रैक्टर अनबैलेंस होकर पलट गया। इस संबंध में एसडीएम मुंगावली इसरार खान ने बताया कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा घायलों की हर संभव मदद कर तुरंत उपचार की व्यवस्था कराई गई। ट्रैक्टर में सवार सभी लोग घायल हो गए और घायल को तुरंत मुंगावली अस्पताल भेजा गया। जिसमें लगभग 30 से 35 घायल है और दो की गंभीर हालत होने के कारण जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिनमें से दो मृत हो गए हैं गोमती पत्नी धुले कुशवाह उम्र 50 वर्ष एवं अमरदीप पुत्र बद्री उम्र 10 वर्ष की मृत्यु हो गई। शेष घायलों का इलाज जारी है। परिजनों के रुकने की व्यवस्था निसई जी धर्मशाला में की गई है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिलन चौराहा अशोकनगर निवासी युवराज जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अन्नू रघुवंशी और उसके अन्य साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झीला निवासी सोनू साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहित और रामसिंह साहू ने उससे मारपीट की। कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरा छीपोन निवासी कुंवरलाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र नीतू कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी चंदेरी निवासी शंकर रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू राजा और एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेलवासा निवासी क्रीती बाई शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी श्रीनिवास और गीता शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के महिला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेरखेड़ी निवासी अतंर बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति जयराम अहिरवार ने उससे मारपीट की।

### कलेक्टर ने अंतर विभागीय समन्वय बैठक में दिए निर्देश

# लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों सहित राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं अन्य विभागों के महत्त्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिवपुरी जिला शीघ्र ही ए श्रेणी में सम्मिलित हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, एसडीएम आनंद राजावत, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर चौधरी ने कहा कि पीएचई, ऊर्जा, पंचायत और स्वास्थ्य विभाग अपनी लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने उद्यानिकी, आयुष और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभागों के अधिकारियों को वृहद स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए बधाई दी और अन्य विभागों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसा कार्य कीजिए जिससे आपकी भी प्रशंसा हो।

#### निराकरण की गति बढ़ाने पर जोर

कलेक्टर चौधरी ने शिक्षा विभाग को लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण और लैपटॉप वितरण संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग को उन्होंने शिकायतों के निराकरण हेतु टारगेट आधारित कार्रवाई करने को कहा ताकि तय समय में सभी प्रकरण सुलझाए जा सकें। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों और राजस्व सहायता से संबंधित शिकायतों के निराकरण व बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग को तार टूटने, टेढ़े होने या शॉर्ट सर्किट जैसे प्रकरणों को शीघ्रता से सुलझाने के निर्देश दिए। नगर पालिका और नगर परिषद को सड़कों के गड्ढे भरने, डिवाइडर और मार्ग मरम्मत का कार्य समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय अधीक्षक को उपचार में देरी, असंतोषजनक उपचार या फॉलोअप के अभाव की शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

#### पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखा जाए

कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरणों पर कठोर कार्रवाई करने को कहा। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्सकों की अनुपस्थिति संबंधी शिकायतों पर त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। सभी विभागों को 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण ई-उपस्थिति में कठिनाई हो रही है, अधिकारी ऐसे स्थानों की पहचान करें ताकि समाधान निकाला जा सके। कलेक्टर ने हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के अवमानना प्रकरणों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कृषि विभाग को किसानों को डीएपी के विकल्प संबंधी जानकारी देने हेतु डबल लॉक वितरण केंद्रों पर फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए।


#### स्थापना दिवस की रूपरेखा पर भी चर्चा की

अंत में कलेक्टर चौधरी ने बताया कि 1 से 3 नवम्बर तक आयोजित होने वाले जिला स्थापना दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने सभी विभागों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

### आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया

## देशी कट्टा व कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा अवैध हथियार से अपराध की नियत से घूमने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी डॉ आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिहं छावई एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार मुखबिर मामूर कर दविश देकर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के क्रम मे दिनांक 26.10.2025 को थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि, पीएम हाऊस बाले रास्ते पर कुम्हरपुरा के पास एक लडका अवैध हथियार लिए अपराध करने की नियत से खडा है।

उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पीएम हाऊस बाले रास्ते पर कुम्हरपुरा के पास पहुंचे तो एक लड़का मुखबिर के बताये हुलिया का खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेरकर पकडा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राज यादव पुत्र चन्द्रभान सिह यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम वहेरा थाना दिनारा हाल निवास मंडी के पास करैरा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया। जिसकी जामा तलाशी लेने पर कमर में दाहिनी तऱफ एक 315 बोर का कट्टा खुरसे मिला तथा एक जिन्दा कारतूस मिला, कट्टा एवं कारतूस रखने का बैध लायसेंस चाहा तो नही होना बताया यह कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से कट्टा एवं कारतूस को जप्त किया गया आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 754/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## खाद की किल्लत से परेशान हो रहे किसान



**शिवपुरी।** पिछोर में खाद की किल्लत के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि बारिश के बीच किसान छाता लेकर खाद लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े हैं। पिछोर क्षेत्र के सहकारी केंद्रों पर सुबह से ही खाद वितरण के लिए भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं और बुजुर्ग किसान भीगी सड़कों पर छाता थामे अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण खेतों में बुवाई का काम रुक गया है, ऊपर से खाद की उपलब्धता न होने से फसल की तैयारी में देरी हो रही है। किसानों का आरोप है कि गोदामों में खाद का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद समय पर वितरण नहीं किया जा रहा। वहीं अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में खाद किसानों को उपलब्ध करा दी जाएगी।

## एसडीओपी पिछोर ने रात्रि कॉम्बिंग गस्त का निरीक्षण किया



**पिछोर।** एसडीओपी ने थाना पिछोर पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया, थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टरों को चैक करते हुए की जा रही कार्यवाहीयों के संबंध मे निर्देश दिये। रात्रि गश्त के मध्यम से पुलिस अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 25-26.10.2025 में शिवपुरी पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गस्त किया गया है। रात्रि मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा द्वारा कॉम्बिंग गस्त का निरीक्षण किया एवं थाना पिछोर का औचक निरीक्षण किया। एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त को चैक करते हुए थाने का औचक निरीक्षण कर निर्देश दिए।

### कलेक्टर और एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

## 2 नवंबर को रथ यात्रा जिले से होगी प्रारंभ





**अशोकनगर।** परम पूज्य मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर महाराज जी के अशोकनगर से श्री दर्शनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र थूबोन जी जिला अशोकनगर आगमन हेतु तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हो जिसे लेकर कलेक्टर आदित्य सिंह और पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इस हेतु अधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूर्ण रूप से किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुनि श्री सुधासागर महाराज जी आगामी 2 नवंबर को अशोकनगर से श्री दर्शनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र थूबोन जी के लिए प्रस्थान करेगें। इस दौरान महाराज जी का अशोकनगर से थूबोन रोड से पैदल भ्रमण कर 4 नवंबर को थूबोन जी आगमन होगा। उन्होंने अशोकनगर से थूबोन सड़क मार्ग की मरम्मत कार्य किये जाने के निर्देश एमपीआरडीसी विभाग को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में महाराज जी का विश्राम होगा, वहां पर सभी समुचित व्यवस्था रहे। यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की महाराज जी के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,विद्युत व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था,आवागमन,पार्किंग व्यवस्था,रूट चार्ट के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि महाराज जी ग्राम मड़खेडा एवं ग्राम तारई में रात्रि विश्राम करेगें तथा ग्राम अमरोद में अन्य कार्यक्रमों में भाग लेगें। साथ ही शंका समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। थूवोनजी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने संत भवन का निरीक्षण किया और मुनिश्री के सानिध्य में होने वाली धर्मसभा आदि का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा संबंधित ग्रामों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## घटना के बाद परिवहन विभाग भी जागा, कई बसों की जांच पड़ताल कर देखी व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में बीती रात एक वीडियो कोच बस में आग लगने की घटना के बाद जिले का परिवहन विभाग हरकत में आया है। रविवार को परिवहन विभाग के द्वारा जिले में सड़क मार्गों पर चलने वाली कईं बसों की जांच पड़ताल की गई।

जिला परिवहन अधिकारी रंजनासिंह कुशवाहा द्वारा अशोकनगर जिले की तहसील शाडोरा-नईसराय मार्ग पर वाहनो की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान यात्री वाहनो, मालवाहनो एवं अन्य छोटे वाहनो से मोटरयान नियम के विरुद्ध चलते पाए जाने पर बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना बीमा एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध न होने पर चालानी कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में कुल 27 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि रु.35000 का राजस्व वसूला गया। इस प्रकार 21 यात्री वाहनों में नियम विरुद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की गई एवं 06 छोटे लोडिंग वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाकर समझौता शुल्क की राशि वसूल की गई।

इस तरह की जांच पड़ताल का अभियान जिले में लगातार चलाए जाने की जरूरत है ताकि यात्रियों की सुरक्षा की जा सके। यह भी जरूरी है कि बस संचालकों द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं अगर जांच पड़ताल होगी तो चैकिंग अभियान के दौरान शासन को राजस्व की प्राप्ति भी होगी। रविवार को जो वाहनों की जांच पड़ताल की गई उससे 35 हजार रुपए का राजस्व मिला है। इस तरह का अभियान जिले के सभी सड़क मार्गों पर चलाया जाए। ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके।



## गणेश शंकर विद्यार्थी की 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**मुंगावली।** रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मूर्धन्य पत्रकार अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 136वीं जन्म जयंती नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला पत्रकार संघ मुंगावली इकाई, एसडीएम इसरार खान, भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहे पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थित पत्रकार, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय पहुँचे, जहाँ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में जिया और सत्य व स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्श आज भी पत्रकारिता जगत के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

### मुनि सुधासागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा...

# हम किसी को अच्छा नहीं देख सकते तो बुरा भी मत करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम किसी को अच्छा नहीं देख सकते तो बुरा भी मत करना। किसी की झोपड़ी बना नहीं सकते तो कोई बात नहीं लेकिन उस गरीब की झोपड़ी तोड़ना नहीं है। तुम किसी के रास्ते के दीपको को जला नहीं सकते तो उसके जीवन में अंधेरा मत करना।

उन्होंने कहा कि तुम देश को सम्मान दिला सकते हो कि नहीं कोई बात नहीं लेकिन हमारे कारण कभी देश लज्जित न हो जाए हमारे देश को नीचा दिखाना न पड़े ऐसा ही करना है। इसमें प्रयास नहीं चलेगा। देश की इज्जत की बात आ जायें तो भले हमारे प्राण चले जाएं हमारे देश का ध्वज ऊंचा रहना चाहिए। इस बात का ख्याल रखना तुम मन्दिर नहीं जा रहे तुम गुटखा के त्याग को नहीं कर सकते कोई बात नहीं। लेकिन तुम किसी दूसरे को गुटखा मत खिलाना, मन्दिर जाने से मत रोकना। तुम डूब रहे हो तो डूब जाओ लेकिन बचाने वाले को मत डूबने देना। बचाने वाले का उत्साह वर्धन करें।

#### गुरु मुख से गांव मंदिर में विश्व शांति के लिए हुई महा धारा

नगर के सबसे प्राचीन गांव मन्दिर में आध्यात्मिक संत निर्यापक मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के श्रीमुख से जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। इसके साथ ही आज अभिषेक की सम्पूर्ण विधि गुरु मुख से सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि आप सभी लोग अभिषेक तो रोज कर रहे हो लेकिन सही विधि नहीं होने के कारण जो फल मिलना चाहिए था वह नहीं मिल रहा है। आज इस विधि को हम प्रारंभ कर रहे हैं एक दो दिन में यह विधि पूरी होगी।

#### आज स्थिति बिल्कुल विपरीत परिस्थितियां बन रही है

उन्होंने कहा कि आज स्थिति बिल्कुल विपरीत परिस्थितियां बन रहीं हैं भाई भाई को, बेटा बाप को लूट रहा है तुम झगड़ा कर रहे हो परेशान कर रहे हो दादागिरी कर रहे हो। सबसे बड़ा चोर है जो अपनो को लूट रहा है अपनों को ठग रहा है। इसलिए सबसे पहले संकल्प करो कि हम पूज्य पुरुषो को अपने को कभी नहीं लूटेंगे। डाकूओं का भी कोई नियम धर्म होता है वे पूज्य पुरुषो की सम्पत्ति से हमेशा दूर रहते थे। आज के चोर उचक्के को बात नहीं कर रहा पहले के डाकूओं के कुछ नियम धरम होते थे आज तो वसियत में कटा मत करना मां बाप को धोखा मत देना लूटना मत।

#### बहुउद्देशीय लोकोदय तीर्थ के आन लाइन शिलान्यास का सौभाग्य बहुत बड़ी बात है

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज का दिन अशोक नगर जैन समाज के लिए बहुत गौरव का विषय है हमारे नगर से परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के निर्देशन में परम पूज्य मुनि श्री सोम्य सागर जी महाराज मुनिश्री निश्चय सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य हो रहा है और आन लाइन शिलान्यास हमारे नगर से हो रहा है। आज इस गौरव से हम नगर वासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित रहे।